केवल आप के लिये

गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम

सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com

मो0 9450567450| 9336715406


# दैनिक भारतीय बस्ती


भारतीय बस्ती

www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क

मो0 9450567450
9336715406



भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 338 मंगलवार 2 जुलाई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## एक नजर

### विधायक बेदीराम के गिरफ्तारी की मांग



वाराणसी (आभा)। ओपी राजभर की पार्टी सुभासपा के विधायक बेदी राम पर विपक्षी दलों का हमला तेज होता जा रहा है। सोमवार को वाराणसी में नेशनल इक्वल पार्टी ने बेदी राम की गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया और उनका पुतला फूंका। मुख्यालय पर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी के नाम ज्ञापन दिया गया है। इसमें बेदी राम के खिलाफ कई केस दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने और वीडियो वायरल होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर सवाल उठाया गया है। इसके साथ ही बेदी राम को तत्काल गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ रासुका की कार्रवाई की मांग की गई है। कभी सुभासपा के ही प्रवक्ता रहे नेशनल इक्वल पार्टी के अध्यक्ष शशिप्रताप सिंह के नेतृत्व में वाराणसी के जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया।

### सूचना मांगने पर दर्ज करा दिया मुकदमा

—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। सूचना अधिकार अधिनियम के तहत गांव निर्माण कार्यों की जानकारी मांगने के लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने अनुसूचित जाति के ग्राम प्रधान की तहरीर पर क्रास एफआइआर दर्ज कर मामले की जांच–पड़ताल शुरु कर दी है। गौरतलब है कि वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के सिसवारी गांव निवासी अजय यादव ने अपने ग्राम प्रधान के विकास कार्यों की आरटीआई के जरिए सूचना मांगी थी। इसी बात से खफा ग्राम प्रधान ने चार लोगों के साथ मिलकर सूचना मांगने वाले पर हत्या की नीयत से प्राणघातक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पुलिस ने युवक की भाभी सुभावती की तहरीर पर ग्राम प्रधान हरिप्रकाश व ग्राम निवासी विश्राम, राहुल व कान्तराम यादव के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी थी। अब इस मामले में दूसरे पक्ष की ओर से ग्राम प्रधान हरिप्रकाश की तहरीर पर दलित उत्पीड़न व मारपीट करने का केस योगेश यादव व उनके भाई अजय यादव के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज कर लिया है। तहरीर के मुताबिक ग्राम के दरवाजे पर चढ़ कर दोनों भाइयों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उनके साथ मारपीट की थी। एसएचओ दिनेश चन्द्र चौधरी ने बताया कि दोनो पक्षों की ओर से दर्ज केस की जांच–पड़ताल की जा रही है। विवेचना में सभी चीजों का खुलासा होगा।

### राजन इंटरनेशनल एकेडमी में कक्षायें 2 से



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। राजन इंटरनेशनल एकेडमी पचपेडिया में 2 जुलाई मंगलवार से शिक्षण कार्य आरम्भ होगा। यह जानकारी देते हुये प्रधानाचार्य शानू एन्टोनी ने बताया कि प्रबंध निदेशिका शिखा चतुर्वेदी के निर्देशन में प्ले वे से यू.के.जी. क की कक्षायें 8.15 से 12.15 और कक्षा 1 से 12 तक की कक्षायें 8.15 से 1.20 तक चलेगी। उन्होने अभिभावकों से सुझाव भी मांगे है।

प्रबंध निदेशिका शिखा चतुर्वेदी ने बताया कि नये सत्र में शिक्षण कार्य के लिये और बेहतर प्रबंधन किये गये हैं और सबके सुझाव से निर्णय लिया गया है कि पठन–पाठन में किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। बताया कि राजन इंटरनेशनल एकेडमी का उद्देश्य छात्रों को बेहतर शिक्षा के साथ ही अच्छे संस्कार और उन्हें सुयोग्य नागरिक बनाना है। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# संसद में जमकर बरसे राहुल गांधी



नई दिल्ली (आभा)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर सोमवार को सदन में जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हिंसा और नफरत फैला रही है। पिछले 10 वर्षों से संविधान और भारत की अवधारणा पर सुनियोजित ढंग से हमला किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'आज सुबह मैं आया। राजनाथ सिंह ने मुस्कुराकर मुझे नमस्ते किया। पीएम मोदी बैठे रहे, कोई मुस्कुराहट नहीं... सीरियस। नमस्ते भी नहीं करते कि कहीं मोदी जी ना देख लें, नहीं तो प्रॉब्लम हो जाएगी। यही कहानी नितिन गडकरी की भी है।' इस बीच विपक्ष की ओर से शोर हुआ तो राहुल ने कहा कि अयोध्या को छोड़िए ये तो बीजेपी वालों को भी डराते हैं।

इस बीच, पीएम मोदी खड़े हुए और कहा कि लोकतंत्र ने यह सिखाया है कि मुझे विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए। यह सुनकर सत्ता पक्ष के नेता हंसने लगे। इसके बाद राहुल गांधी उठे और भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने भाजपा पर देशभर में डर का माहौल पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान एक महिला मेरे पास आई और कहा कि शमुझे मार रहा है। मैंने पूछा कि कौन मार रहा है। इस पर उसने कहा कि मेरा पति मार रहा है। क्योंकि महंगाई की वजह से मैं खाना नहीं खरीद पाई। उसने कहा कि महंगाई कि वजह से हजारों महिलाओं को पीटा जा रहा है।'

राहुल गांधी ने आगे कहा, 'मुझ पर हमला किया गया। सरकार, प्रधानमंत्री के आदेश पर मेरे खिलाफ 20 से अधिक मामले दर्ज किए गए। 2 साल की सजा दी गई... मुझसे 55 घंटे तक पूछताछ की गई। मैं भाजपा और आरएसएस को बताना चाहता हूं कि हमने किन विचारों का उपयोग भारत की अवधारणा की रक्षा करने के लिए किया है।' उन्होंने सदन में भगवान शंकर का चित्र दिखाया और कहा कि शिवजी कहते हैं कि 'डरो मत, डराओ मत।' उन्होंने कहा कि संविधान और भाजपा के विचारों का विरोध करने वाले करोड़ों लोगों पर हमला किया गया है। कई लोगों पर निजी तौर पर हमला किया गया।

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्म दिन पर लगाये पौध, दिया संदेश



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 51 वे जन्म दिन पर सोमवार को समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सदस्य अमित गोंड द्वारा सड़कों के आस पास गिरे वृक्षों को फिर से संवारने के साथ ही स्टेशन रोड के निकट सड़क के मध्य में नीम, अशोक, बरगद आदि के पौध रोपित किये गये।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुये अमित गोंड ने कहा कि वे देश के लिये बड़ी उम्मीद हैं। उनके नेतृत्व में समाजवादी विचारधारा के साथ ही पार्टी निरन्तर मजबूत हो रही है। यह सुखद संकेत है। कहा कि विकास के नाम पर पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई होने के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है ऐसे में पर्यावरण संतुलन के लिये युवाओं को आगे आना होगा।

पौधरोपण करने वालों में अमित गोंड के साथ मुख्य रूप से एपीएन छात्र संघ के उपाध्यक्ष अखिलेश यादव, नरेन्द्र प्रजापति, रोहित प्रजापति, धर्मपाल कुमार, रमेश आदि शामिल रहे।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जन्म दिन पर लगाये पीडीए पौध



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। समाजवादी पार्टी नेता शिवम श्रीवास्तव 'सचिन' के संयोजन में सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 51 वे जन्म दिन पर बड़े बन के निकट नीम, अशोक, बरगद पीडीए पौध रोपित किया गया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुये छात्र नेता शिवम श्रीवास्तव 'सचिन' ने कहा कि अखिलेश यादव अब करोड़ो देश वासियों, युवाओं की उम्मीद है। उन्होने दावा किया कि अपने नीति और कार्यक्रम के बूते समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

पीडीए पौधारोपण के दौरान शिवम श्रीवास्तव 'सचिन' के साथ मुख्य रूप से राजन प्रजापति, शिवम प्रताप सिंह, संजय कश्यप, सोनू निषाद, जीत नरायन यादव के साथ ही अनेक छात्र शामिल रहे।

## स्वच्छ मुण्डेरवा बनाने में सहयोग दे नगरवासी–सुनील सिंह टिंकू




—भारतीय बस्ती संवाददाता—

मुण्डेरवा (बस्ती)। स्वच्छ मुंडेरवा सुन्दर मुंडेरवा अभियान के तहत नगर पंचायत मुंडेरवा कार्यालय से डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

हरी झंडी दिखाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह टिंकू ने कहा की मुंडेरवा नगर पंचायत को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। कहा की शासन की नीतियों को नगर पंचायत मे उतारने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी मे कूड़ा वाहन अब पूरे नगर पंचायत मे दो पाली में घरों से कूड़ा उठाएगी।

अधिशाषी अधिकारी कीर्ति सिंह ने नगर वासियों से कहा की स्वच्छ मुंडेरवा बनाने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। अपने घरों से निकलने वाले कूड़े को निर्धारित जगहों पर ही फेके। इस मौके पर श्याम सुंदर अग्रहरि (मालिकार), सचिन चौधरी, हरीश चंद्र भारती, विज्ञान सिंह, किस्मत अली, शिवम भट्ट , बजरंगी चौधरी , सुनील चौधरी, विपिन यादव, अभिषेक शुक्ला ,अंकित श्रीवास्तव , सचिन चौधरी,कुलदीप सिंह , जसवंत के साथ ही अन्य लोग मौजूद रहे।

## सामाजिक कार्यकर्ता गौहर अली ने लगाये दुर्लभ पौध



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। सामाजिक कार्यकर्ता गौहर अली द्वारा वृक्षों की सुरक्षा और पौधरोपण अभियान चरणबद्ध ढंग से जारी है। उनके द्वारा लगाये गये कई पौधे वृक्ष बन चुके हैं। उन्हें इस बात का दु:ख है कि विकास के नाम पर वृक्षों को बेरहमी से काटा जा रहा है। सोमवार को गौहर अली ने हर्रैया तहसील क्षेत्र के अपने ग्रामसभा भदावल कला में दुर्लभ और समाप्त होते जा रहे मल्लिका, गौरजीत, कपूरी, लंगडा, खैर, पलाश, हींग, रूद्राक्ष, जामरूल, अम्बिका आदि के पौधे रोपे।

सामाजिक कार्यकर्ता गौहर अली ने लोगों का आवाहन किया कि वे प्राकृतिक संतुलन के लिये पौध जरूर रोपे और उनकी सुरक्षा भी करें। कहा कि भीषण गर्मी में जब कोई व्यक्ति किसी पेड़ की छांव में बैठता है तो उसे याद रखना चाहिये कि उसे किसी ने कभी लगाया रहा होगा।

पौधरोपण अभियान चलाने वाले गौहर अली ने कहा कि हम लोग पौधा लगाकर भूल नहीं जाते हैं। बल्कि इनका हमेशा देखभाल करते रहते हैं जिससे वह लोगों के काम आ सके, पौधों के द्वारा ही हमें ऑक्सीजन, छाया और और लकड़ी मिलती है। हम लोगों इस मानसून में प्रत्येक परिवार को कम से कम 2 पौधा तो जरूर ही लगाना चाहिए । तभी हम आने वाले पीढ़ियों को स्वस्थ रख पाएंगे। लगाए हुए पौधे आपको हमेशा ऑक्सीजन लकड़ी फल और छाया देते रहेंगे।

पौधरोपण में गौहर अली के साथ जौहर अली, अनिल कुमार आदि ने योगदान दिया।

## नितिन बंसल आयुक्त राज्यकर, यूपी में 11 और आईएएस अफसरों का तबादला



लखनऊ (आभा)। यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। नितिन बंसल को स्थानीय निकाय निदेशक से प्रभारी आयुक्त राज्यकर बनाया गया है। इस पद पर रही मिनिस्ती एस लंबी छुट्टी पर गई हैं। इसके चलते आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था, लेकिन अब स्थाई तैनाती कर दी गई है। राकेश कुमार मिश्रा को प्रबंध निदेशक जल निगम (शहरी) से स्थानीय निकाय निदेशक बनाया गया है। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग ने जिन अधिकारियों को प्रभारी बनाया है वो जल्द ही सचिव के पद पर पदोन्नत होने वाले हैं।

रमाकांत पांडेय को प्रबंध निदेशक चीनी मिल संघ से प्रभारी प्रबंध निदेशक जल निगम शहरी बनाया गया है। टीके शीबू को राजस्व परिषद से विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा भेजा गया है। एकता सिंह को अपर आयुक्त बैंकिंग (कोआपरेटिव सोसायटी) से अपर राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान बनाया गया है। अनिल कुमार को मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी से इसी पद पर महाराजगंज, संतोष कुमार को मुख्य विकास अधिकारी महाराजगंज से उपाध्यक्ष सहारनपुर विकास प्राधिकरण बनाया गया है। हिमांशु गौतम अपर आयुक्त मेरठ से मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ बनाए गए हैं। अभिषेक आनंद को खीरी का नया सीडीओ बनाया गया है।

## राहुल की टिप्पणी पर भाजपा ने किया प्रदर्शन



नई दिल्ली (आभा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उस टिप्पणी को लेकर संसद के बाहर और भीतर विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'खुद को हिंदू कहने वाले हर समय हिंसा और नफरत फैलाने' में लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह गंभीर मामला है कि राहुल गांधी पूरे हिंदू समाज को हिंसक कह रहे हैं, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य मंत्रियों ने कांग्रेस नेता से माफी मांगने की मांग की।

हालांकि, राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए लोकसभा में कहा, ''भाजपा, नरेन्द्र मोदी जी या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पूरा हिंदू समाज नहीं हैं। हम भी हिंदू हैं।'' बाद में केंद्र सरकार के आधा दर्जन से ज्यादा मंत्रियों ने राहुल गांधी पर उनकी टिप्पणी को लेकर पलटवार किया।

## समाजवादियों ने रक्तदान, पीडीए पौधरोपण के साथ मनाया सपा प्रमुख अखिलेश यादव का 51 वां जन्म दिन



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 51 वां जन्म दिन सपा कार्यालय पर पीडीए पौधारोपण, रक्तदान के साथ मनाया गया। पार्टी अध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि अखिलेश यादव युवाओं, छात्रों, गरीबों, अल्पसंख्यकों के साथ ही जन–जन की उम्मीद है। जिस प्रकार से उन्होने सबसे कम उम्र का मुख्यमंत्री बनकर उदाहरण बनाया था ठीक उसी तरह वे प्रदेश और राष्ट्रीय राजनीति में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। उनका 51 वां जन्म दिन पार्टी पीडीए पौध रोपण दिवस के रूप में मना रही है। यह अभियान 7 जुलाई तक जारी रहेगा जिसमें बरगद, पीपल, नीम के पौधे रोपे जा रहे हैं।

सपा विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी अतुल, पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, समाजवादी चिन्तक चन्द्रभूषण मिश्र, दयाशंकर मिश्र, जावेद पिण्डारी, मो0 स्वालेह, सुरेन्द्र सिंह छोटे, गुलाब सोनकर, विजय विक्रम आर्य, अरविन्द सोनकर, आदि कहा ने अखिलेश यादव के यशस्वी जीवन की कामना करते हुये कहा कि आज प्रदेश और देश जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है ऐसे में हम समाजवादियों को आपसी भाईचारा बनाने के लिये अभियान तेज करना होगा। वक्ताओं ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में जनता का जो विश्वास पार्टी को मिला है अखिलेश जी के जन्म दिन पर संकल्प लेकर इसे आगे बढना होगा जिससे पार्टी आगामी विधानसभा के चुनाव में निर्णायक जीत अर्जित कर सके।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 51 वें जन्म दिन पर आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य रूप से धीरसेन निषाद, समीर चौधरी, प्रशान्त यादव, ज्ञान चन्द्र चौधरी, गुलाम गौस खां, राम सिंह यादव, राजेश यादव, राघवेन्द्र सिंह, युनुस आलम, दिनेश तिवारी, प्रवीण पाठक, अरविन्द यादव, आर.डी. गोस्वामी, रन बहादुर यादव, अजय यादव, विपिन त्रिपाठी, तूफानी यादव, निजामुद्दीन, जमील अहमद, आमिश खान, रहमान सिद्दीकी, अखिलेश यादव, हृदयराम यादव, सुशील यादव, अजीत सिंह 'विपिन' संजय गौतम, राजेन्द्र चौरसिया, संजय गौतम, गौरीशंकर यादव, रामशंकर निराला, रामनाथ प्रजापति, महेश चौधरी, पंकज मिश्र, घनश्याम मिश्र, राघवेन्द्र सिंह, श्यामचन्द्र यादव, हनुमान चौधरी, देवेन्द्र कुमार चौधरी, इन्द्रावती शुक्ला, के साथ ही सपा के अनेक नेताओं, कार्यकर्ताओं ने खुशियों को साझा किया।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियां पूरी कर लें अधिकारी




—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती । जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने विद्युत विभाग, नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी विभाग को ढीले तारों को सही करने, सड़कों की मरम्मत करने, साफ–सफाई कराने का निर्देश दिया है। वे कलेक्ट्रेट सभागार में मुहर्रम एवं कावड़ यात्रा त्यौहार के मद्देनजर जिला शांति समिति की बैठक को संबोधित कर रहें थे। उन्होंने मार्ग में पडने वाले वृक्षों की छंटाई कराने का भी निर्देश दिया है। उन्होने बैठक में जिले की विभिन्न कमेटियों से आए हुए पदाधिकारी की समस्याओं को सुना तथा उन्हें आश्वस्त किया कि इसका समय से निराकरण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मानक के अनुसार ही ताजिया तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि परंपरागत ढंग से त्यौहार आयोजित किए जाएं, कोई नयी व्यवस्था न लागू की जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में सक्रिय रहकर त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने में सहयोग करें। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि त्यौहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा लोकल फाल्ट तत्काल ठीक किए जाने के लिए टीम गठित कर दें।

उन्होंने सभी कार्य समय से पूरा करने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी तथा सीओ एवं थानाध्यक्ष अपने–अपने क्षेत्र में ताजिए के जुलूस का मार्ग का निरीक्षण कर ले, वहां पर ड्यूटी लगा दे तथा मुख्य जुलूस वाले दिन आवश्यकता अनुसार रोड डायवर्जन कर दे। उन्होंने ईओ नगरपालिका को निर्देशित किया कि नालियों की साफ–सफाई समय से करा दी जाय। उन्होने सीएमओ को निर्देशित किया कि सांप काटने की दवा/इंजेक्शन समयान्तर्गत उपलब्ध रखें।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि सभी थानों में शांति समिति की बैठक कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के त्यौहार में यह जिला शांतिपूर्ण रहा है तथा पूर्व में कोई घटना प्रकाश में नहीं रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी जिले में यह त्यौहार शांतिपूर्ण होगा। उन्होंने मुहर्रम तथा कावड़ यात्रा में जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों द्वारा सहयोग की अपेक्षा किया है। उन्होंने अपील किया कि किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर स्थानीय प्रशासन या थाने पर दें, उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में सरदार जगबीर सिंह, पुनीत दत्त ओझा तथा कमेटी के संभ्रान्त लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया। बैठक का संचालन एएसपी ओम प्रकाश सिंह ने किया। इसमें सीडीओ जयदेव सीएस, मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद, उप जिलाधिकारी विनोद पांडेय, आशुतोष तिवारी, सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी, विधायक प्रतिनिधि सदर मो. सलीम, कप्तानगंज गुलाब चन्द्र सोनकर, अधिशासी अभियंता विद्युत मनोज सिंह, पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह, सभी थानाध्यक्ष, शांति समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

## जन्म दिन पर याद किये गये गांधीवादी विचारक वंशीधर दूबे



—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती । प्रसिद्ध गांधीवादी विचारक एवं कला प्रसार समिति के उप सभापति स्वर्गीय वंशीधर दूबे को उनके 84 वे जन्म दिन पर याद किया गया। गांधी कला भवन को नई ऊंचाई देकर वैचारिक केन्द्र बनाने वाले वंशीधर दूबे की जयन्ती पर कला प्रसार समिति के सचिव एवं उनके पुत्र हरिनरायन स्वरूप के संयोजन में गांधी कला भवन स्थित महात्मा गांधी और वंशीधर दूबे की प्रतिमा पर परिजनों और समिति के सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनके योगदान पर चर्चा किया।

कला प्रसार समिति के सचिव हरिनरायन स्वरूप ने बताया कि उनके पिता आखिरी सांस तक महात्मा गांधी के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने में लगे रहे। नियति ने असमय उन्हें हमसे छीन लिया और गांधी कला भवन जो प्रमुख विचार केन्द्र के रूप में विकसित हो चुका था वहां जबरिया विकास प्राधिकरण कार्यालय खोल दिया गया। इस कारण से जनपद के लोगों ने एक महत्वपूर्ण स्थान खो दिया। गांधी कला भवन की तरह एक अन्य स्थान पर बापू पर केन्द्रित भवन बनाने की दिशा में प्रयास चल रहा है जो शीघ्र ही सबके संयुक्त प्रयास से मूर्त रूप लेगा।

प्रमुख गांधीवादी विचारक वंशीधर दूबे के 84 वे जन्म दिन पर आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य रूप से वीरेन्द्रनाथ पाण्डेय, अमरनाथ शुक्ल, श्रीकान्त पाण्डेय, श्रीमती पूनम, सीमा, रश्मि, श्रेष्ठा तिवारी, पूजा चौधरी, महेश चौधरी, दिलीप कुमार पाण्डेय, ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव,, सूर्यकान्त तिवारी, अरविन्द तिवारी, पदमेश दूबे, अक्षय दूबे, उदय स्वरूप, आदि शामिल रहे।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 2 जुलाई 2024 मंगलवार

## सम्पादकीय


# विश्वकप विजेता भारत

भारत ने टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीत लिया है। बारबाडोस में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हरा दिया। अब भारतीय टीम पर पैसों की बारिश हुई है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही आईसीसी ने प्राइज मनी की घोषणा की थी। आईसीसी ने टूर्नामेंट में प्राइज मनी का बजट 93.51 करोड़ रुपये (11.25 मिलियन यूएस डॉलर) रखा था, जो कि एक रिकॉर्ड है। यह पिछले सभी आईसीसी टी20 विश्व कप टूर्नामेंट से ज्यादा है। वहीं, पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप में प्राइज मनी का बजट 82.93 करोड़ रुपये (10 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था। आईसीसी के एलान के मुताबिक विश्व विजेता भारतीय टीम को 20.36 करोड़ रुपये (2.45 मिलियन यूएस डॉलर) मिले हैं। पिछले किसी भी टी20 विश्व कप टीम में विजेता टीम को इतने रुपये नहीं मिले थे। इस साल रिकॉर्ड 20 टीमें इस टूर्नामेंट में खेली थीं। इस वजह से यह अब तक का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप रहा। वहीं, फाइनल में हारने वाली टीम यानी उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को 10.64 करोड़ रुपये (1.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से संतोष करना पड़ा। सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6. 54 करोड़ रुपये (787,500 यूएस डॉलर) मिले। इनमें अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीमें शामिल हैं।

भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिये शनिवार 'जीत के जश्न' का वार बन गया। सत्रह साल बाद टी–20 विश्वकप भारत ने अपनी झोली में डाला। एक समय लगा कि पूरे टूर्नामेंट में लगातार मैच जीतने वाली टीम इंडिया के हाथ से जीत फिसलने वाली है। भारतीय क्रिकेट प्रेमी दिल थामकर जीत की दुआ कर रहे थे। लेकिन पंद्रह ओवर के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने जिस तरह फिसलते मैच पर अपनी पकड़ बनाकर शानदार जीत हासिल की, उसने बताया कि सही मायनों में यह एक विश्व विजेता टीम है। बहरहाल, हकीकत यह है कि भारत दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर विश्व विजेता बन चुका है। भारत ने टॉस जीतकर बीस ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाये थे। यह एक अच्छा स्कोर था, लेकिन क्रिकेट तमाम अनिश्चितताओं का खेल है। एक समय जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बेहद आक्रामक अंदाज में खेल रहे थे, उन्हें तीस गेंद में तीस रन बनाने थे। उसके छह खिलाड़ी मौजूद थे। हेनरिक क्लासेन व डेविड मिलर की शानदार बल्लेबाजी से लगा था कि मैच भारत के हाथों से फिसल रहा है। लेकिन अंतिम पांच ओवर में कप्तान रोहित शर्मा की रणनीति के साथ भारतीय गेंदबाजों और फिल्डरों ने जैसा खेल दिखाया, वह इतिहास में दर्ज रहेगा। सोलहवें ओवर में बुमराह की सधी गेंदबाजी ने दक्षिणी अफ्रीकी खिलाड़ियों पर दबाव बनाया। फिर 17वें ओवर में हार्दिक पांड्या ने क्लारेस को आउट करके मैच की दिशा बदली। 18वें ओवर में बुमराह ने यानसन को चलता किया।

दरअसल, भारतीय गेंदबाजों की शानदार गेंदबाजी व चुस्त फिल्डिंग ने मैच का पासा भारत के पक्ष में पलट दिया। 19वें ओवर में अर्शदीप की सधी गेंदबाजी के बाद आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन बनाने थे। हार्दिक की गेंद पर छक्का मारने की कोशिश के बीच सूर्य कुमार यादव ने जो अद्‌भुत कैच पकड़ा, उसने भारत का विश्व विजयी होना तय कर दिया। हार्दिक की अन्य गेंद पर सूर्य कुमार के कैच ने आखिरकार मोहर लगा दी कि भारत टी–20 क्रिकेट का बादशाह बन चुका है। इस तरह भारत के जुझारू खिलाड़ियों ने हार की तरफ जाती बाजी को दमदार खेल से जीत में बदल दिया। पूरे टूर्नामेंट में रोहित शर्मा की टीम अजेय टीम की तरह खेली। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच हारे बिना ट्रॉफी अपने नाम कर दी। इस मैच में विराट कोहली के शानदार 76 रन जीत की आधारशिला बने, जबकि पहले पांच ओवर में ही भारत अपने तीन बड़े विकेट गवां चुका था। हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी याद रहेगी। जिनके प्रयासों से मैच का पलड़ा भारत के पक्ष में झुका। लेकिन इस शानदार उपलब्धि का एक असहज करने वाला परिणाम यह भी है कि अब टी–20 के अंतर्राष्ट्रीय मैचों में रोहित शर्मा, विराट कोहली तथा रवींद्र जडेजा खेलते नजर नहीं आएंगे। शायद वे इस बड़ी कामयाबी का इंतजार टी–20 क्रिकेट से संन्यास लेने के लिये कर रहे थे। कोच के रूप में राहुल द्रविड़ के योगदान को भी हमेशा याद रखा जाएगा। जिन्होंने टीम को विश्व विजेता बनाने का मनोबल दिया।

# अवधेश के सहारे सपा देगी बीजेपी के हिंदुत्व को चुनौती



—अजय कुमार—



समाजवादी पार्टी अयोध्या लोकसभा सीट से सपा की जीत को एक बड़ा सियासी मुद्दा बनाने का हर जतन कर रही है। जाने–अंजाने वह बीजेपी से लड़ते–लड़ते प्रभु श्रीराम को 'चुनौती' देने लगी हैं। सपा सांसद धमेन्द्र यादव का वह कृत्य कैसे भुलाया जा सकता है जब संसद के भीतर वह अयोध्या से विजय हुए अवधेश प्रसाद की शान में 'जय अवधेश' के नारे लगाते हैं। वह कहीं न कहीं ऐसा करके जय श्री राम के समानांतर अवधेश प्रसाद को खड़ा दिखाने की साजिश कर रहे थे। इतना नहीं सपा द्वारा सांसद अवधेश को अयोध्या का राजा बताया जा रहा था, जबकि समाजवादी जानते हैं कि अयोध्या के राजा प्रभु श्री राम थे। यह बात आज तक निर्विवाद सत्य है। इसी तरह उनको सपा संसद में सबसे आगे की कुर्सी पर बैठाती है, जबकि समाजवादी पार्टी के अन्य दो–तीन बार तक के सांसद अवधेश प्रसाद के पीछे की कुर्सियों पर बैठे नजर आते हैं। हालात यह है कि अब तो विपक्ष अवधेश प्रसाद को डिप्टी स्पीकर का चुनाव लड़ाने की भी बात कहने लगा है,जबकि वह पहली बार लोकसभा चुनाव जीत कर आये हैं। ऐसा लगता कि अयोध्या को समाजवादी पार्टी ने अपने चुनावी एजेडे में शामिल कर लिया है। ऐसा करके वह बीजेपी के हिन्दुत्व कार्ड को चुनौती तो अपने पीडीए वाले एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहते हैं। अवधेश दलित समाज से आते हैं,इसके जरिये भी वह दलितों को बड़ा संदेश देना चाहते हैं। यह सिलसिला फिलहाल थमने वाला नहीं लगता है। अभी दस सीटों पर विधान सभा चुनाव होने हैं। सपा देखना चाहती है कि इसका उसे चुनाव में कितना फायदा मिलेगा। यदि उप चुनाव में भी सपा का प्रदर्शन बेहतर रहा हो वह 2027 के विधान सभा चुनाव तक अपने इसी एजेंडे को आगे बढ़ा सकता है।


ऐसा इसलिये हो रहा है क्योंकि विपक्षी नेताओं की आपसी चर्चा में लोकसभा के डिप्टी स्पीकर पद के लिए अवधेश प्रसाद के नाम पर बेझिझक सहमति की सबसे बड़ी वजह है कि आइएनडीआइए फैजाबाद में भाजपा की हार को देश की रणनीति के लिए एक बड़ा निर्णायक संदेश मान रहा है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल कह चुके हैं कि अयोध्या से जुड़े फैजाबाद में सपा के अवधेश प्रसाद की जीत भाजपा के वैचारिक धारा की शिकस्त का बड़ा संदेश है। इस अनारक्षित लोकसभा सीट पर दलित समुदाय से आने वाले अवधेश प्रसाद ने भाजपा को पराजित किया है। फैजाबाद के सांसद को राजनीतिक अहमियत देने का संदेश तो 18 वीं लोकसभा की पहली बैठक में ही दे दिया गया था। जब अखिलेश अपने एक हाथ में संविधान और दूसरे हाथ से अवधेश प्रसाद को थामे सदन में पहुंचे। राहुल गांधी ने भी अवधेश प्रसाद को उसी दिन से विपक्ष के प्रमुख चेहरों में रखने का संदेश देते हुए उन्हें पहली पंक्ति में अपने साथ बिठाते हुए चर्चा की।

राहुल ने अखिलेश से बातचीत में अवधेश को डिप्टी स्पीकर बनाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सपा प्रमुख ने सहर्ष हामी भरी। इसके बाद जब राहुल की अखिलेश और अभिषेक से एक साथ मंत्रणा हुई तो टीएमसी नेता ममता बनर्जी, शरद पवार व एमके स्टालिन ने भी उनके नाम पर सहमति जता दी। विपक्ष की ओर से डिप्टी स्पीकर के लिए उम्मीदवार का औपचारिक ऐलान तभी होगा जब सरकार चुनाव कराने की घोषणा करेगी। संसद सत्र में तीन दिन बचे है। आईएनडीआईए का कहना है डिप्टी स्पीकर का पद परंपरागत रूप से विपक्ष को दिया जाता है, जैसे वाजपेयी के कार्यकाल में कांग्रेस के पीएम सईद को डिप्टी स्पीकर बनाया गया।

दरअसल, विपक्ष डिप्टी स्पीकर पद पर परंपरागत रूप से अपनी स्वाभाविक दावेदारी मान रहा है पर एनडीए सरकार तैयार नहीं हुई तो फिर चुनाव की स्थिति में भी अवधेश प्रसाद ही विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में उतरेंगे। कांग्रेस सूत्रों ने डिप्टी स्पीकर पद के लिए शीर्ष विपक्षी नेताओं के बीच अनौपचारिक बातचीत होने का संकेत देते हुए कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की सपा प्रमुख अखिलेश यादव और टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी संग इसको लेकर चर्चा की थी।

# पर्यटकों का केन्द्र बन रहा है यूपी

—उमेश चतुर्वेदी—





देश का दिल है उत्तर प्रदेश। भगवान राम और कान्हा की जन्मस्थली इसी प्रदेश में हैं। बाबा भोलेनाथ की नगरी, तीन लोकों में न्यारी काशी नगरी भी इसी प्रदेश में है। नाथ संप्रदाय के प्रमुख गुरू गोरखनाथ की नगरी भी इसी प्रदेश में है। अट्ठासी हजार ऋषियों ने जिस नैमिषारण्य में बैठकर देवताओं में श्रेष्ठ कौन है, जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न पर विचार किया था, वह तीर्थस्थल भी इसी प्रदेश में है। और तो और, तीर्थों का तीर्थ प्रयागराज भी उत्तर प्रदेश में ही है। भगवान बुद्ध ने जिस सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया था, वह भी यहीं है। जिस कुशीनगर में उन्होंने निर्वाण लिया, वह भी यहीं है। तीर्थ स्थलों की जहां भरमार हो, वहां सैलानी और तीर्थयात्री ना आएं, तो अचम्भा ही माना जाएगा। ऐसा अचम्भा यहां होता रहा है। लेकिन सात साल के योगी शासन में यहां की स्थिति ऐसी बदली कि अब यहां तीर्थयात्रियों की भरमार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से वाराणसी में विकसित काशी विश्वनाथ कोरीडोर के बाद तो वाराणसी भी पर्यटन और तीर्थ के मानचित्र में नए सिरे से उभर आया है। यही वजह है कि यहां सैलानियों की बाढ़ आ गई है। राज्य सरकार ने हाल ही में जो आंकड़े जारी किए हैं, उसके अनुसार पिछले साल राज्य में 48 करोड़ पर्यटक आए थे। यह संख्या राज्य की कुल आबादी की दोगुनी से दो करोड़ ज्यादा है।

दुनिया में जहां भी पर्यटन ज्यादा है, वहां सबसे ज्यादा सैलानी सैर–सपाटे के लिए आते हैं। जबकि उत्तर प्रदेश आने वाले ज्यादातर पर्यटक आध्यात्मिक पर्यटन के लिए आए थे। साल 2023 में अकेल काशी आने वाले तीर्थयात्रियों और सैलानियों की संख्या 10 करोड़ से अधिक थी। जबकि मथुरा–वृंदावन में साढ़े सात करोड़ और अयोध्या में पांच करोड़ से ज्यादा पर्यटक पिछले साल आए। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में श्रीराम के विराजमान होने के बाद यहां आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। यहां प्रतिदिन करीब डेढ़ से दो लाख पर्यटक आ रहे हैं। इन तथ्यों से राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्साहित होना स्वाभाविक है। तीर्थयात्रियों और आम सैलानियों में एक अंतर होता है। आम सैलानियों की तुलना में तीर्थयात्री प्रकृति और ईश्वर के प्रति अलग तरह की आस्था रखते हैं। शायद यही वजह है कि अब योगी सरकार राज्य में इको टूरिज्म की संभावनाओं में राज्य का भविष्य देखने लगी है। ऐसी संभावनाओं वाले तीर्थस्थलों में सबसे ज्यादा लखनऊ के नजदीक हैं। जिनमें नैमिषारण्य और चित्रकूट हैं। इसी तरह शुकतीर्थ, विंध्यवासिनी धाम, मां पाटेश्वरी धाम, मां शाकंभरी धाम सहारनपुर, बौद्ध तीर्थ स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा, जैन व सूफी परंपरा से जुड़े स्थलों में भी आध्यात्मिक तीर्थाटन की संभावनाएं ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में मानव सृष्टि और जीव सृष्टि के उद्‌गम स्थल के भी प्रमाण मिलते हैं। सोनभद्र के फासिल्स पार्क की आयु उतनी ही है, जितनी जीव सृष्टि की है। लगभग डेढ़ सौ करोड़ वर्ष पूर्व के फासिल्स वहां पाए जाते हैं। ऐसे अनेक स्थल, प्राकृतिक सरोवर, ताल यहां मिलेंगे। यहां का करीब 15 हजार वर्ग किमी का क्षेत्रफल केवल वन संपदा है। यूपी में पौराणिक काल के वन हैं। यूपी के तराई क्षेत्र के बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर और पीलीभीत में वन सुरक्षित हैं। इन वनों में भी घूमने वालों का अब तांता लगा रहता है। इसी तरह चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व आने वाले टूरिस्टों की भीड़ बढ़ रही है। इसे देखते हुए चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ टाइगर रिजर्व को का विकास किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के साथ ही के साथ ही हैरिटेज व ईको टूरिज्म की संभावनाओं को देखते हुए उनके प्रति आकर्षण बढ़ाने की राज्य की ओर से कोशिश तेज की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश आने वाले तीर्थयात्रियों और सैलानियों का मनोरंजन हो, उनका ज्ञान बढ़े, अतीत व इतिहास के साथ उन्हें जुड़ने का अवसर प्राप्त हो, इस दिशा में भी काम किए जा रहे हैं। इसे देखते हुए राज्य में उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गठित किया जा चुका है। इस दिशा में काम को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ में कुकरैल के पास नाइट सफारी बनाया जा रहा है। इसके पहले लगभग विलुप्त हो चुकी कुकरैल नदी को जीवित करने की तैयारी है। कभी कुकरैल गोमती की सहायक नदी थी। कुकरैल नदी को लोगों ने कब्जा करके नाला बनाकर रख दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इस पर हुए आठ हजार से अधिक अनधिकृत कब्जों को हटा जा चुका है। इसका असर दिख रहा है कि जब गर्मी में जल स्रोत सूख रहे थे, तब कुकरैल में जल के नए स्रोत बन रहे थे।

**ध्यान रखना चाहिए कि जब सैलानी आते हैं तो अनेक लोगों के लिए रोजगार सृजन होता है। ईको टूरिज्म के क्षेत्र में लोगों ने अलग–अलग कार्य प्रारंभ किए हैं। सोहगीबरवा, दुधवा, चूका, पीलीभीत टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में लोग आ रहे हैं और प्रकृति को देखकर खुद को समझ रहे हैं। तीर्थयात्रियों और सैलानियों को लुभाने के लिए तीर्थस्थलों और पर्यटन केंद्रों की कनेक्टिविटी बढ़ाने की कोशिश हो रही है। लखीमपुर में पुरानी एयरस्ट्रिप का एयरपोर्ट के रूप में विकास करने की तैयारी है। पिछले साल यहां के लिए होलीडे ट्रेन चलाई गई थी।** इसके साथ ही जगह–जगह स्थानीय निवासियों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की तैयारी है। इससे उन्हें रोजगार मिलेगा और तीर्थयात्रियों और सैलानियों का ज्ञानवर्धन भी होगा।

**पर्यटन न केवल मनोरंजन का माध्यम बन सकता है, बल्कि आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में भी मददगार हो सकता है। इसे देखते हुए राज्य के हैरिटेज टूरिज्म स्थलों मसलन बुंदेलखंड के किलों या जहां–तहां पड़ीं ऐतिहासिक इमारतों का ना सिर्फ विकास हो रहा है तो कहीं– कहीं उन्हें होटल या पर्यटन केंद्र के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है या उनका विकास किया जा रहा है। सैलानियों की सहूलियत और स्थानीय लोगों के रोजगार को बढ़ावा देने के लिहाज से काशी, अयोध्या, मथुरा– वृंदावन में स्प्रिचुअल दृष्टि से होम स्टे की व्यवस्था करने की तैयारी है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार सृजन की संभावना बनेगी। बांदा के कलिंजर, जालौन व बस्ती में ऐसे कार्यक्रम प्रारंभ हो चुके हैं।** पीलीभीत, खीरी, बहराइच, सोनभद्र, चंदौली, चित्रकूट समेत कई दूसरे जनपदों में भी ऐसी संभावना मूर्त रूप ले सकती है। राज्य के इको, स्पिरिचुअल और हैरिटेज तीनों तरह के पर्यटन को एक साथ जिस तरह विकसित किया जा रहा है, एक जनपद, एक उत्पाद को जिस तरह बढ़ावा दिया जा रहा है, अगर ईमानदारी पूर्वक इन योजनाओं पर काम हो, पूरे सूबे में सैलानियों की बाढ़ और बढ़ेगी। हर आने वाला सैलानी जब यूपी आएगा तो यूपी को कुछ देकर ही जाएगा। यूपी की आर्थिकी को नई गति देगा। घनी जनसंख्या वाले राज्य की अर्थव्यवस्था को तेजी देगा। इसके लिए राज्य की सड़कों को और बेहतर बनाना पड़ेगा। कानून–व्यवस्था के मोर्चे पर रह गई खामियों को दूर करना होगा और लोगों को भरोसा दिलाना होगा।

—(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

# आम सहमति या टकराव?



—कल्याणी शंकर—

18वीं लोकसभा कैसे चलेगी? क्या सरकार और विपक्ष आम सहमति चाहेंगे या टकराव? क्या सरकार ज्यादा समझौतावादी होगी और विपक्ष कम आक्रामक? इसका अनुमान अभी नहीं लगाया जा सकता, हालांकि सत्र की शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उचित शब्द कहे थे, जिससे पता चलता है कि वे आम सहमति चाहते हैं। 18वीं लोकसभा दिलचस्प है, क्योंकि 10 साल में पहली बार मोदी कमजोर स्थिति में संसद का सामना कर रहे हैं। उन्हें गठबंधन चलाना है और बढ़ते विपक्ष का सामना करना है।

मोदी ने कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में उनकी सरकार आम सहमति बनाने का लक्ष्य रखेगी। सत्र से पहले मोदी ने सभी मामलों पर सहमति बनाने की कोशिश की और विपक्ष की आलोचना करते हुए समस्याएं पैदा करने की कोशिश की। इसके बावजूद, नई लोकसभा के पहले सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच दुश्मनी देखने को मिली। राहुल गांधी ने सदन में लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करने में विपक्ष की भूमिका के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने सदन के कामकाज में सहायता करने की इच्छा जताई और विश्वास–आधारित सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

लोकसभा ने सकारात्मक कामकाज की संभावना दिखाई है, लेकिन टकराव पहले ही पैदा हो चुका है। पहले सत्र के एक सप्ताह के भीतर ही भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार और विपक्ष के बीच दुश्मनी के संकेत दिखने लगे थे। विवादास्पद मुद्दों में संभवतरू समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र एक चुनाव, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, अग्निपथ योजना, जनगणना और परिसीमन शामिल हैं। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने टिप्पणी की है कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि प्रधानमंत्री चुनावी नतीजों से सहमत हैं या मतदाताओं द्वारा उन्हें भेजे गए संदेश पर विचार किया है।

उन्होंने कहा कि मोदी आम सहमति के महत्व का उपदेश देते हैं, लेकिन टकराव को महत्व देते हैं। भाजपा का लक्ष्य यह दिखाना है कि मोदी 3.0 में पूरी तरह नियंत्रण में है। हालांकि, मोदी सरकार अब 2 प्रमुख सहयोगियों जद (यू) और तेदेपा के महत्वपूर्ण समर्थन पर निर्भर है। इसका मतलब है कि निर्णय एक साथ लिए जाते हैं, और एन.डी.ए. के सहयोगी सरकार की योजनाओं और कार्यों को बहुत प्रभावित करते हैं। 2019 और 2014 में, भाजपा के पास पर्याप्त बहुमत था। विभिन्न संसदीय समितियों में विपक्ष की बढ़ती उपस्थिति से अधिक सहभागिता उत्पन्न होने की उम्मीद है।

लोकसभा का पहला सत्र विपक्ष के मजबूत रुख के साथ शुरू हुआ। सत्र शुरू होने से पहले ही बीजद सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने पर विवाद हो गया था, ताकि नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जा सके। कांग्रेस और 'इंडिया' ब्लॉक के सदस्यों का मानना था कि 8 बार निर्वाचित कांग्रेस सांसद के. सुरेश को यह पद दिया जाना चाहिए था। हालांकि, भाजपा ने तर्क दिया कि उन्होंने नियमों का पालन किया। महताब लगातार 7 बार सदन के लिए चुने गए, जबकि सुरेश 2 चुनाव हार गए। यह नियुक्ति महत्वपूर्ण है क्योंकि लोकसभा के प्रमुख के रूप में भारतीय संसदीय प्रणाली में अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दूसरे, राहुल गांधी ने कहा कि वह एन.डी.ए. उम्मीदवार ओम बिरला का समर्थन करेंगे, लेकिन केवल तभी जब उपाध्यक्ष का पद, जो आमतौर पर विपक्ष को दिया जाता है, सुनिश्चित हो।

17वीं लोकसभा में कोई उपाध्यक्ष नहीं था। अनुच्छेद 93 में कहा गया है कि 2 लोकसभा सदस्यों को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में चुना जाना चाहिए। लेकिन सरकार इससे सहमत नहीं थी। ओम बिरला को लोकसभा का अध्यक्ष फिर से चुना गया है जिससे सदन में निरंतरता और स्थिरता आई है और मोदी सरकार की स्थिति मजबूत हुई है। तीसरा, इसके बाद जो हुआ वह चौंकाने वाला था। बधाई स्वीकार करने के बाद, नव–निर्वाचित अध्यक्ष ने अपनी जेब से एक कागज निकाला और दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 1975 में लगाए गए आपातकाल के खिलाफ एक प्रस्ताव पढ़ा, जिससे कांग्रेस भड़क गई।अध्यक्ष द्वारा अपने कार्यकाल के पहले दिन ही प्रस्ताव पारित करने का सरकार का निर्णय टकराव की ओर झुकाव को दर्शाता है। इसके कारण विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अध्यक्ष के पास एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और कुर्सी से राजनीतिक संदर्भ पर अपनी आपत्ति व्यक्त की। चौथा, कुछ विपक्षी दलों ने सोचा कि राष्ट्रपति के संसद में पहले भाषण में देश की सबसे गंभीर समस्याओं की अनदेखी की गई। साथ ही, अन्य विपक्षी दलों ने सेंगोल को हटाने की मांग की, जिसे प्रधानमंत्री ने पहले बहुत धूमधाम से स्थापित किया था।

# गैस सिलेण्डर में आग से 4 झुलसे

**संवाददाता**– संतकबीरनगर। संतकबीरनगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद के हाड़ापार गांव में गैस सिलेण्डर में लीकेज से आग लग गई। इसकी चपेट में आने से चार लोग झुलस गए। एक युवती व दो महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा है। एक बच्ची मामूली रूप से प्रभावित हुई। उसे इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

हांड़ापार निवासी राम दौड़ के घर में रविवार की देर शाम भोजन बन रहा था। इसी दौरान घटना हो गई। गांव के प्रधान की सूचना मिलने के बाद पहुंची 108 एंबुलेंस से लाकर सुशीला, निशा व विमलेश को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया।

# डीएम रवीश ने प्राइमरी स्कूल के बच्चों का रोली, चंदन लगाकर किया स्वागत, किया उत्साहवर्धन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने विकास खण्ड बस्तीसदर के इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल, भुअर निरंजनपुर का भ्रमण किया। उन्होने कक्षा 01 में कुल नामांकित 15 बच्चो के सापेक्ष मौके पर उपस्थित 14 बच्चों का रोली–चन्दन लगाकर तथा पुष्प से स्वागत किया। वहॉ उपस्थित बच्चों से अक्षरज्ञान के बारे में सवाल पूछे गये। बच्चो को स्टेशनरी तथा चॉकलेट–टॉफी देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। उन्होने विद्यालय में बनाये गये पोषण वाटिका में नवीन पौधे रोपित करने का निर्देश दिया।

उन्होने पी०एम० पोषण (एम०डी०एम०) योजना के अन्तर्गत बनाये जा रहे भोजन के बारे में रसोइयों से पूछा, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि आज सब्जी–रोटी बनाया जा रहा हैं तथा सुबह बच्चों को फल में केला का वितरण कराया गया है। इसके साथ–साथ बच्चो के लिये पकवान में हलुआ बनाया गया है। उन्होने बनाये गये पकवान को चखकर देखा तथा बनाये गये पकवान पर संतोष व्यक्त किया। उन्होने बच्चों के अधिगम स्तर को जानने के लिये कक्षा 05 में पढ़ने वाले बच्चों से अंग्रेजी, गणित तथा सामान्य ज्ञान आदि से संबंधित सवाल पूछा, जिसका बच्चों ने उत्साहपूर्वक जवाब दिया।

जिलाधिकारी ने समस्त विद्यालय स्टाफ को और अधिक परिश्रम करने के लिये निर्देशित किया। विद्यालय की नियमित साफ–सफाई कराने के लिये ग्राम प्रधान को निर्देश दिया। विद्यालय में कुल नामांकित 97 बच्चों के सापेक्ष कुल 64 बच्चे उपस्थित पाये गये।

बेसिक शिक्षाा अधिकारी अनूप तिवारी ने बताया कि जनपद के विभिन्न विकास खण्ड में अवस्थित 354 परिषदीय विद्यालयों का भ्रमण किया गया, जिसमें नवप्रवेशित बच्चों तथा पुनः विद्यालय आगमन पर बच्चों का रोली–चन्दन आदि लगाकर फूल से स्वागत किया गया। विद्यालय से सेवित बस्तियों के लोगों को अपने 06 से 14 आयुवर्ग के बच्चे का नामांकन विद्यालय में कराने के लिये प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में कार्यरत प्र०अ० श्रीमती रीतू पाण्डेय, स०अ० श्रीमती ज्योति मिश्रा, श्रीमती केतकी पाण्डेय, श्रीमती शिखा मिश्रा, श्रीमती मिथलेश यादव, शिक्षामित्र श्रीमती कुसुम शुक्ला, श्रीमती नीना सिंह, श्रीमती संगीता यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री नन्दनी मिश्रा के साथ–साथ ग्राम प्रधान, पंचायत सेक्रेट्री, अनिल कुमार पाण्डेय ए०आर०पी०, विनोद त्रिपाठी खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तीसदर, अमित कुमार मिश्र, जिला समन्वयक एम०डी०एम० सहित आदि उपस्थित रहे।

# नीट मामले को लेकर विश्व विद्यालय में प्रदर्शनः सौंपा ज्ञापन



संवाददाता–गोरखपुर। नीट परीक्षा में धांधली और पेपर लीक को लेकर लग रहे आरोपों के बीच गोरखपुर में भी धरना प्रदर्शन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सोमवार को समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का मुख्य द्वार बंद कर आधे घंटे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क जाम करने की भी कोशिश की। हालांकि वहां पहले से ही मुस्तैद पुलिस ने उन्हें समझाकर हटाया।

सछास के कार्यकर्ताओं ने दोपहर करीब 12.30 बजे डीडीयू गेट पर पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। वे नीट परीक्षा रद किए जाने, बेदीराम से इस्तीफा लिए जाने की मांग करने लगे। बाद में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

# स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण प्रारम्भ विद्यालयों में नियमित पठन पाठन शुरू



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में सोमवार से स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ हो गया है साथ ही विद्यालयों में नियमित पठन–पाठन भी शुरू हो गया। सोमवार को बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करने के साथ ही उनको मौसमी फल और पकवान भी खिलाए गए। शासन के निर्देशानुसार विद्यालय गत 25 जून को शिक्षकों के लिए साफ सफाई और अन्य कार्यों के लिए खोल दिए गए थे। समर कैंप हेतु बच्चों को ढाई घंटे के लिए 28 और 29 जून को भी बुलाया गया था। जिसके अंतर्गत छात्र–छात्राओं के बीच विभिन्न गैर शैक्षणिक गतिविधियां कराई गईं। इनमें खेलकूद, पर्यटन स्थलों का भ्रमण तथा महापुरुषों, अमर शहीदों के बारे में जानकारी देना शामिल रहा। सोमवार से विद्यालय शासन के निर्देशानुसार प्राप्त 8.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक संचालित हुए जिसमें नियमित पठन–पाठन कराया गया। हरैया विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में प्रधानाध्यापक सन्तोष कुमार शुक्ल, पीयूष मिश्र, गोविंद सिंह आदि स्टाफ द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा पकवान और मौसमी फल भी दिए गए। प्राथमिक विद्यालय पूरेबेचू में एआरपी उदय प्रताप सिंह, प्रधानाध्यापक नईमुद्दीन, शिक्षक विवेक कान्त पाण्डेय, वंश गोपाल तिवारी और अन्य स्टाफ द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करके हौसला बढ़ाया गया। बच्चों का स्वागत, विद्यालय में रंगोली और गुब्बारे इत्यादि से सजाने की मंशा यह है ताकि नव प्रवेशित बच्चों को विद्यालय आने पर एक अच्छा माहौल देखने को मिल सके।

# एसडीएम ने बच्चों का स्वागत कर बढ़ाया हौसला



**–भारतीय बस्ती संवाददाता**

बस्ती। शासन के दिशा निर्देश के क्रम में सोमवार को हरैया शिक्षा क्षेत्र के सभी 160 परिषदीय और कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में अध्यनरत छात्र – छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर तथा विद्यालय परिसर को आकर्षक बनाकर किया गया। समस्त विद्यालयों में मौसमी फल और पकवान का वितरण किया गया साथ ही बच्चों को संचारी एवं दस्तक रोग के संबंध में जानकारी भी दी गई। प्राथमिक विद्यालय हरैया प्रथम पर पहुंचकर सोमवार को एसडीएम हरैया (न्यायिक) मनोज प्रकाश ने बच्चों का स्वागत करके हौसला बढ़ाया। एसडीएम मनोज प्रकाश ने विद्यालय स्टाफ और बच्चों को आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिया। इसी क्रम में खण्ड विकास अधिकारी हरैया, सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरैया, प्रभारी चिकित्साधिकारी हरैया, खण्ड शिक्षा अधिकारी और समस्त एआरपी हरैया द्वारा विभिन्न विद्यालयों के कार्यक्रम में प्रतिभाग कर बच्चों का अभिनंदन व स्वागत करते हुए उत्साह वर्धन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरैया बड़कऊ वर्मा ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के स्टाफ को पूरे मनोयोग से कार्य करने और नवीन नामांकन बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# शोहरतगढ़ थाना में नए कानून के तहत दर्ज हुआ पहला मुकदमा

संवाददाता–सिद्धार्थनगर। सोमवार से देश भर में लागू तीन नए कानून के तहत जिले में पहला मामला शोहरतगढ़ थाने में दर्ज किया गया। वैसे तो पूरे दिन में मात्र तीन मामले दर्ज हुए लेकिन दो रविवार के होने की वजह से उन्हें पुराने कानून के तहत दर्ज किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों के साथ आम लोगों को नए कानून के प्रति जागरूक भी किया गया।

सोमवार से लागू हुए तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के तहत पहला केस शोहरतगढ़ थाने पर दर्ज किया गया। मारपीट के मामले के थाना पर पहुंचने पर थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह की देखरेख में केस दर्ज किया गया।

## अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)

वाद सं0 730/23

अदालत– श्रीमान डी0डी0सी0 महोदय बस्ती

कुशलावती
बनाम
राममूर्ति

श्रीमती कुशलावती पत्नी उमाशंकर साकिन सिसवा बुजुर्ग तप्पा छपिया परगना रसूलपुर तहसील भानपुर जनपद– बस्ती

**तारीख पेशी 24–07–2024**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 07 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)

वाद सं0 729/23

अदालत– श्रीमान डी0डी0सी0 महोदय बस्ती

अभिषेक तिवारी
बनाम
राममूर्ति

श्रीमती कुशलावती पत्नी उमाशंकर साकिन सिसवा बुजुर्ग तप्पा छपिया परगना रसूलपुर तहसील भानपुर जनपद– बस्ती

**तारीख पेशी 24–07–2024**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 07 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## कार्यालय ग्राम पंचायत पसड़ा विकास खण्ड-कुदरहा, जनपद-बस्ती

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **पसड़ा** विकासखंड **कुदरहा** द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/ 15 वीं वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ SLWM/RGSA योजना अंतर्गत 2024–25 में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (इंटरलॉकिग इंट, प्रथम श्रेणी इंट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, इंट की गिट्टी, पत्थर की गिले, छाड पेट, बोर्ड होम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला कुदाल, झाड़ू, ब्लीचिंग पावडर चूना, कूड़ादान, सेनेटाइजर मशीन, फागिंग मशीन, इंडिया मार्का टू हैड पंप, रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता द्वारा दिनांक 02–07–2024 से दिनांक 03–07–2024 को 04:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फॉर्म वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत **पसड़ा** में रखे गए निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 04–07–2024 को अपरान्ह 12:30 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

**नियम व शर्तें**

1– अधिकृत फर्म अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 3 वर्ष कर आयकर क्लीयरेंस सलग्न करना अनिवार्य है।
2– जो दरें प्रस्तुत की जाए व जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
3–आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 फीसदी आयकर टीडीएस देना होगा। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा पीडब्ल्यूडी के समय अनुसार तय दर पर ही भुगतान किया जाएगा।
5– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान/अवर अभियंता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं कि जाएगी।
6– घरोहर की धनराशि मु. 5000 (पांच हजार) है।
7– धरोहर की राशि राष्ट्रीय कृत बैंकों एडीआर एन एससी/नगर एवं डाकघर में बचत पत्र जो ग्राम पंचायत **पसड़ा** के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8– निविदा स्वीकृत होने के उपरांत सचिव एवं ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9– आदेश देने के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10– सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11– सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
12– आपूर्ति कर्ता को भुगतान अवर अभियंता (ग्रा.अभि.वि.)/तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुढ़वत्ता प्रामाणित होने पर तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
13– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 है, पर ही स्वीकार किया जाएगा ।
14– निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निधारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है ।
15– निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
16– निविदा के सबंध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **निर्मला देवी** | **शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी** |
| ग्राम प्रधान | सचिव |
| ग्राम पंचायत–पसड़ा | ग्राम पंचायत–पसड़ा |
| विकास खण्ड–कुदरहा जनपद बस्ती | विकास खण्ड–कुदरहा जनपद बस्ती |

## कार्यालय ग्राम पंचायत बानपुर विकास खण्ड-कुदरहा, जनपद-बस्ती

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **बानपुर** विकासखंड **कुदरहा** द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/ 15 वीं वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ SLWM/RGSA योजना अंतर्गत 2024–25 में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (इंटरलॉकिग इंट, प्रथम श्रेणी इंट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, इंट की गिट्टी, पत्थर की गिले, छाड पेट, बोर्ड होम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला कुदाल, झाड़ू, ब्लीचिंग पावडर चूना, कूड़ादान, सेनेटाइजर मशीन, फागिंग मशीन, इंडिया मार्का टू हैड पंप, रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता द्वारा दिनांक 02–07–2024 से दिनांक 03–07–2024 को 04:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फॉर्म वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत **बानपुर** में रखे गए निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 04–07–2024 को अपरान्ह 1:30 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

**नियम व शर्तें**

1– अधिकृत फर्म अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 3 वर्ष कर आयकर क्लीयरेंस सलग्न करना अनिवार्य है।
2– जो दरें प्रस्तुत की जाए व जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
3–आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 फीसदी आयकर टीडीएस देना होगा। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा पीडब्ल्यूडी के समय अनुसार तय दर पर ही भुगतान किया जाएगा।
5– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान/अवर अभियंता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं कि जाएगी।
6– घरोहर की धनराशि मु. 5000 (पांच हजार) है।
7– धरोहर की राशि राष्ट्रीय कृत बैंकों एडीआर एन एससी/नगर एवं डाकघर में बचत पत्र जो ग्राम पंचायत **बानपुर** के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8– निविदा स्वीकृत होने के उपरांत सचिव एवं ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9– आदेश देने के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10– सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11– सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
12– आपूर्ति कर्ता को भुगतान अवर अभियंता (ग्रा.अभि.वि.)/तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुढ़वत्ता प्रामाणित होने पर तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
13– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 है, पर ही स्वीकार किया जाएगा ।
14– निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निधारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है ।
15– निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
16– निविदा के सबंध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **वृजवास देवी** | **शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी** |
| ग्राम प्रधान | सचिव |
| ग्राम पंचायत–बानपुर | ग्राम पंचायत–बानपुर |
| विकास खण्ड–कुदरहा जनपद बस्ती | विकास खण्ड–कुदरहा जनपद बस्ती |

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिसई पंडित विकास खण्ड-कुदरहा, जनपद-बस्ती

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **सिसई पंडित** विकासखंड **कुदरहा** द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/ 15 वीं वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ SLWM/RGSA योजना अंतर्गत 2024–25 में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (इंटरलॉकिग इंट, प्रथम श्रेणी इंट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, इंट की गिट्टी, पत्थर की गिले, छाड पेट, बोर्ड होम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला कुदाल, झाड़ू, ब्लीचिंग पावडर चूना, कूड़ादान, सेनेटाइजर मशीन, फागिंग मशीन, इंडिया मार्का टू हैड पंप, रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता द्वारा दिनांक 02–07–2024 से दिनांक 03–07–2024 को 04:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फॉर्म वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत **सिसई पंडित** में रखे गए निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 04–07–2024 को अपरान्ह 11:30 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

**नियम व शर्तें**

1– अधिकृत फर्म अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 3 वर्ष कर आयकर क्लीयरेंस सलग्न करना अनिवार्य है।
2– जो दरें प्रस्तुत की जाए व जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
3–आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 फीसदी आयकर टीडीएस देना होगा। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा पीडब्ल्यूडी के समय अनुसार तय दर पर ही भुगतान किया जाएगा।
5– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान/अवर अभियंता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं कि जाएगी।
6– घरोहर की धनराशि मु. 5000 (पांच हजार) है।
7– धरोहर की राशि राष्ट्रीय कृत बैंकों एडीआर एन एससी/नगर एवं डाकघर में बचत पत्र जो ग्राम पंचायत **सिसई पंडित** के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8– निविदा स्वीकृत होने के उपरांत सचिव एवं ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9– आदेश देने के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10– सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11– सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
12– आपूर्ति कर्ता को भुगतान अवर अभियंता (ग्रा.अभि.वि.)/तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुढ़वत्ता प्रामाणित होने पर तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
13– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 है, पर ही स्वीकार किया जाएगा ।
14– निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निधारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है ।
15– निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
16– निविदा के सबंध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **उर्मिला** | **शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी** |
| ग्राम प्रधान | सचिव |
| ग्राम पंचायत–सिसई पंडित | ग्राम पंचायत–सिसई पंडित |
| विकास खण्ड–कुदरहा जनपद बस्ती | विकास खण्ड–कुदरहा जनपद बस्ती |

## कार्यालय ग्राम पंचायत लालगंज विकास खण्ड- कुदरहा, जनपद- बस्ती

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **लालगंज**, विकासखंड **कुदरहा** द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/ 15 वीं वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ SLWM/RGSA योजना अंतर्गत 2024–25 में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (इंटरलॉकिग इंट, प्रथम श्रेणी इंट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, इंट की गिट्टी, पत्थर की गिले, छाड पेट, बोर्ड होम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला कुदाल, झाड़ू, ब्लीचिंग पावडर चूना, कूड़ादान, सेनेटाइजर मशीन, फागिंग मशीन, इंडिया मार्का टू हैड पंप, रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता द्वारा दिनांक 02–07–2024 से दिनांक 03–07–2024 को 04:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फॉर्म वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत **लालगंज**, में रखे गए निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 04–07–2024 को अपरान्ह 10:30 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

**नियम व शर्तें**

1– अधिकृत फर्म अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 3 वर्ष कर आयकर क्लीयरेंस सलग्न करना अनिवार्य है।
2– जो दरें प्रस्तुत की जाए व जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
3–आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 फीसदी आयकर टीडीएस देना होगा। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा पीडब्ल्यूडी के समय अनुसार तय दर पर ही भुगतान किया जाएगा।
5– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान/अवर अभियंता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं कि जाएगी।
6– घरोहर की धनराशि मु. 5000 (पांच हजार) है।
7– धरोहर की राशि राष्ट्रीय कृत बैंकों एडीआर एन एससी/नगर एवं डाकघर में बचत पत्र जो ग्राम पंचायत **लालगंज**, के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8– निविदा स्वीकृत होने के उपरांत सचिव एवं ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9– आदेश देने के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10– सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11– सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
12– आपूर्ति कर्ता को भुगतान अवर अभियंता (ग्रा.अभि.वि.)/तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुढ़वत्ता प्रामाणित होने पर तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
13– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 है, पर ही स्वीकार किया जाएगा ।
14– निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निधारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है ।
15– निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
16– निविदा के सबंध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **लक्ष्मी देवी** | **शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी** |
| ग्राम प्रधान | सचिव |
| ग्राम पंचायत–लालगंज | ग्राम पंचायत–लालगंज |
| विकास खण्ड–कुदरहा जनपद बस्ती | विकास खण्ड–कुदरहा जनपद बस्ती |

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**

**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद

**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।

**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेलbhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com